# जिलाधिकारी ने की हैल्पलाइन से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा

### पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों एवं उनके निस्तारण के उपरान्त शिकायतकर्ता के संन्तुष्ट फीडबैक में हुई बढोत्तरी, इसे अभी और बढाये जाने की है आवश्यकता, सजगता के साथ करें निस्तारण -जिलाधिकारी

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** जिलाधिकारी श्री अरविन्द मल्लप्पा बंगारी जी की अध्यक्षता में आईजीआरएस, तहसील दिवस, हैल्प लाइन से सम्बन्धित शिकायतों के निस्तारण के सम्बन्ध में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न। बैठक में विभागवार, तहसीलवार, विकासखण्डवार, आईजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जन सुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों एवं उनके निस्तारण के उपरान्त शिकायतकर्ता के फीडबैक पर गम्भीरता से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों एवं उनके निस्तारण के उपरान्त शिकायतकर्ता के संन्तुष्ट फीडबैक में बढोत्तरी हुई है, जिस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि इसे अभी और बढाये जाने के आवश्यकता है तथा और सजगता के साथ निस्तारण पर कार्य किया जाये। जनशिकायत के निस्तारण में 50 प्रतिशत या उससे अधिक फीडबैक निगेटिव आने पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा असंतुष्टि जाहिर करते हुए निर्देश दिये कि सभी जनपद स्तरीय अधिकारी अपने अधीनस्तों की रिपोर्ट को गम्भीरता से पढ़ते हुए अपने स्तर से जांच कराकर उसकी आख्या सहित अपलोड किया जाए तथा निस्तारण के उपरान्त पोर्टल पर शिकायतकर्ता के फीडबैक का भी आकलन अवश्य किया जाए, साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि सम्बन्धित अधिकारी शिकायत पर शिकायतकर्ता से वार्ता अवश्य करें तथा स्थलीय निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा आगामी 21 जून को आयोजित होने वाले अर्न्तराष्ट्रीय योगा दिवस की तैयारियों को लेकर आयुष विभाग को निर्देश दिये कि शासनादेश के अनुसार समस्त तैयारियो पूर्व में ही पूर्ण कर ली जाये और सभी सम्बन्धित विभागों से समन्वय कर विस्तृत कार्ययोजन बना कर उस पर अमल भी किया जाये साथ ही कार्ययोजना में सम्बन्धित विभागों द्वारा किये जाने वाले कार्यां को भी अंकित किया जाये। बैठक में अपर मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती प्रतिभा सिंह, अपर नगर आयुक्त श्री शिशिर कुमार, अपर जिलाधिकारी (प्रो0) श्री प्रशान्त तिवारी, प्रशिक्षु आईएएस/संयुक्त मजिस्ट्रेट श्री शिवम कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी श्री मनीष कुमार, जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी श्री नागेन्द्र सिंह, उपायुक्त एन आर एल एम श्री रामायण यादव सहित सभी उप जिलाधिकारी व तहसीलदार एवं सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

# विश्व साइकिल दिवस पर विशेष

### अब लोगो मे फिर से बढ रहा साइकिल का क्रेज, लोगो में बढ़ती बीमारी की बजह से साइकिल ने पकड़ी रफ्तार




**मैनपुरी/भोगांव।** गिरती सेहत और रेंजर साइकिलों के चलन से एक बार फिर साइकिल का ट्रेंड बढ़ने लगा है। यह बात और है कि बाइक-स्कूटी से अब साइकिल की तुलना करना शायद ही कभी मुमकिन हो सके पर लोगो की बढती बीमारियों से साइकिल ने रफ्तार पकड़ी है। एक दौर था, जब फिल्मों में अभिनेता और अभिनेत्रियों के साइकिल के कई कई सीन होते थे। यहां तक साइकिल पर कई फिल्मी गीत भी बने। उस दौर में लोग साइकिल को शान की सवारी मानते थे। आज बाइक के चलन के दौर में साइकिल जरूरत से निकलकर मात्र शौकिया साधन बनकर रह गई। बाइक आदि वाहनों के आदी हुए लोग अब फिर से सेहत संवारने को साइकलिंग की ओर लौट रहे हैं। नगर के मैनपुरी रोड पर साईकिल की दुकान किये रहीश ने बताया कि एक दौर था कि लोगो को साईकिल सवारी से एक तो लोगो की सेहत दुरूस्त रहती थी दूसरा साइकिल कर सवारी लोगो की शान हुआ करता था लेकिन बदले माहौल मे अब सब कुछ बदल कर रख दिया है।

**फिटनेस के लिए साइकिलिंग बेहतर**

फिटनेस ठीक रखने के लिए साइकिलिंग से बेहतर और कोई और विकल्प नहीं हो सकता है। साइकिल चलाकर पसीना बहाने वालों की भले की संख्या कम हुई हो लेकिन अभी भी लोग साइकिल चलाते नजर आते हैं। लोगों की मानें तो वह नियमित साइकिलिंग करते हैं। सुबह उठकर कोई एक घंटा तो कोई दो दो घंटा साइकिल करना नहीं भूलता है।

**साइकिल की कीमत बाइक के बराबर**

साधारण साइकिल से अब साइकिल स्टाइलिस्ट भी हो गई है। स्टाइलिस्ट साइकिलों की कीमत में भारी इजाफा हुआ है। स्टाइलिस्ट साइकिलों की कीमत बाइक के बराबर पहुंच गई है। स्टाइलिश साइकिल की कीमत अब 20 हजार से लेकर लाखों तक में पहुंच गई है।

**100 किमी से अधिक चलाते थे साइकिल**

एक समय था, जब लोग 100 किमी से भी अधिक साइकिल चला लिया करते थे। सपा नेता गोपालदास लोधी, रामौतार यादव कहते है कि पहलें जिनके घरों में साइकिल होती थी वह अमीर आदमी बताया जाता था। लोग जब साइकिल खरीदकर लाते थे तो लोग देखने आया करते थे। ससुराल हो या फिर अन्य कही जाना होता था तो लोग साइकिल से ही आया जाया करते थे।

# पहले से चल रहे कोर्ट के स्टे आदेश की अवहेलना करते हुये एसडीम घिरोर व तहसील एवं लेखपाल की सहमति से अवैध रूप से कब्जा करने का आरोप

**मैनपुरी।** घिरोर तहसील क्षेत्र के गांव नगला महाराम, मौजा अटाहरैना में एक पुश्तैनी कृषि भूमि को लेकर विवाद ने तूल पकड़ लिया है। गाटा संख्या-1589 रकबा 0.934 हेक्टेयर भूमि के स्वामी प्रार्थी ने आरोप लगाया है कि उक्त भूमि, जो उनकी पुश्तैनी संपत्ति है और जिसमें उनका वर्षो से कब्जा व पुराना ट्यूबवेल व कोठी के साथ साथ गमा देवी का मंदिर बना हुआ है जिस पर कुछ बाहरी लोग तोड़फोड़ कर जबरन कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रार्थी ने बताया कि उनकी भूमि पर कोई सरकारी आम रास्ता नहीं है, और वह लंबे समय से बिना किसी रोकटोक के उक्त भूमि का उपयोग कर रहे हैं। उनके खेत के पास ही गाटा संख्या-1584 स्थित है, जिसमें 16 फीट का सरकारी आम रास्ता पहले से ही दर्ज है।इसके बावजूद, प्रतिवादीगण आलोक कुमार (निवासी मुरादपुर) और नीरज (निवासी नगला महाराम) पर आरोप है कि वे नाजायज रूप से उक्त भूमि पर कब्जा करना चाहते हैं। जब पीड़ित ने इसका विरोध किया, तो मामला बढ़ता गया। पीड़ित ने बताया कि इस संबंध में क्षेत्रीय लेखपाल और कानूनगो की रिपोर्ट भी उनके पक्ष में है। प्रकरण को लेकर प्रार्थी ने सिविल जज (सी.डी.) के न्यायालय में वाद संख्या-1253/24 दाखिल किया था, जिसमें माननीय न्यायालय ने प्रतिवादी पक्ष को प्रार्थी की भूमि पर किसी प्रकार का अवैध कब्जा न करने का आदेश पारित किया है। इसके बावजूद प्रतिवादी पक्ष लगातार कब्जे की कोशिश कर रहा है, जिससे गांव में कभी भी कोई बड़ी वारदात या शांति भंग की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। हालात को गंभीरता से देखते हुए माननीय न्यायालय ने धारा 151 सीपीसी के अंतर्गत प्रभारी निरीक्षक, थाना बरनाहल को निर्देशित किया है कि वे मौके पर यथास्थिति बनाए रखें और किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को रोका जाए। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर आक्रोश है और वे प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं ताकि क्षेत्र में शांति बनी रहे और किसी की भी पुश्तैनी सम्पत्ति पर अवैध कब्जा न हो सके।

# योगी सरकार द्वारा आगरा में संस्कृति पार्क किया जाएगा विकसित

### विविधता में एकता वाले संस्कृति पार्क में भारतीय संस्कृति के होंगे दर्शन,अयोध्या के श्री राम मंदिर, काशी विश्वनाथ मंदिर और अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के होंगे दर्शन, भारतीय संस्कृति और गौरव की पुनर्स्थापना में जुटी योगी सरकार

सांध्य पहल संवाददाता

आगरा-02 जून । भारतीय संस्कृति और गौरव की पुनर्स्थापना में योगी सरकार जुटी हुई है। इसी कड़ी में सरकार द्वारा ताजमहल के समीप संस्कृति पार्क विकसित किया जा रहा है। ताजमहल व अन्य स्मारकों को देखने आने वाले सैलानियों को इस पार्क में विविधता में एकता वाली भारतीय संस्कृति के दर्शन होंगे। शाहजहां पार्क में करीब 20 करोड़ की लागत से बनने वाले संस्कृति पार्क में अयोध्या के श्रीराम मंदिर के अलावा काशी विश्वनाथ धाम, अमृतसर का स्वर्ण मंदिर और सोमनाथ मंदिर के भी दर्शन होंगे। आगरा विकास प्राधिकरण ने पार्क का सर्वे और लेआउट तैयार करने का काम शुरू कर दिया है। संस्कृति पार्क को उद्यान विभाग और उद्यान विभाग के मध्य मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) हो गया है। संस्कृति पार्क में पाथवे के किनारे- किनारे देश के प्रमुख मंदिरों और स्मारकों के दो दर्जन से अधिक मॉडल बनाए जाएंगे। इससे ताजमहल व अन्य स्मारक देखने आने वाले पर्यटकों को उसके नजदीक नया आकर्षण स्थल मिलेगा। अधिशासी अभियंता राकेश प्रताप ने बताया कि शाहजहां पार्क में करीब 20 करोड़ की लागत से संस्कृति पार्क विकसित किया जाना है। इस पार्क में सैलानियों भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। पार्क में पाथवे के किनारे मंदिरों व स्मारकों के मॉडल बनाने को सर्वे करने के साथ ले-आउट प्लान बनाया जा रहा है। इस संस्कृति पार्क में केदारनाथ मंदिर, स्वर्ण मंदिर अमृतसर, काशी विश्वनाथ मंदिर, श्रीराम मंदिर अयोध्या, सारनाथ के बौद्ध मंदिर, सांची का स्तूप, राधा मोहन मंदिर, सोमनाथ मंदिर, रानी का वाव, रनकपुर जैन मंदिर, सूर्य मंदिर कोणार्क, रामेश्वरम मंदिर, हंपी का पत्थर का रथ, लेपाक्षी मंदिर, गोल्डन पैगोडा, कामाख्या मंदिर, नालंदा महाविहार, पारसनाथ मंदिर, कांगड़ा फोर्ट, नीरमहल पैलेस, लाइव ट्री ब्रिज, पलक्कड फोर्ट, दक्षिणेश्वर काली मंदिर, एलोरा का कैलाश मंदिर, लक्ष्मण मंदिर, मार्तंड सूर्य मंदिर आदि के मॉडल लगाए जा सकते हैं।।

# परोंख में एक एक बूंद पानी के लिए तरस रहे ग्रामीण

### आधा दर्जन से ज्यादा हैंडपंप खराब, पानी की टंकी दो साल से बद, ग्राम प्रधान ने हैंडपंप रीबोर और मरम्मत के लिए निकाले रुपए कर लिए गबन



**मैनपुरी।** जनपद में एक ग्राम पंचायत ऐसी भी है जहां पर ग्रामीण इस भीषण गर्मी में एक एक बूंद पानी के लिए तरस रहे है। गांव में आधा दर्जन से अधिक हैंडपंप खराब पड़े हुए है। गांव में जल जीवन मिशन के तहत बनवाई गई पानी की टंकी दो साल से बंद पड़ी है। ऐसी स्थिती में ग्रामीण पीने के पानी के लिए परेशान रहते है। हैंडपंप खराब होने के पीछे कहीं न कहीं ग्राम प्रधान भी जिम्मेदार है। ग्रामीणों का कहना है कि हैंडपंप रीबोर और मरम्मत के लिए आए रुपए को ग्राम प्रधान ने गबन कर लिया है। मैनपुरी विकास खंड की ग्राम पंचायत परोंख में ग्रामीणों की प्यास बुझाने के लिए इंडिया मार्का हैंडपंप लगे हुए है। हैंडपंप लगे होने के बाद भी ग्रामीणों की प्यास नहीं बुझ पा रहीं है। क्यो कि गांव परोंख में आधा दर्जन से अधिक हैंडपंप राजनीति का शिकार होकर खराब पड़े हुए है। यह हैंडपंप लंबे समय से खराब पड़े है। किसी के द्वारा इन्हे ठीक कराने की जहमत नहीं उठाई गई। ग्रामीण अगर किसी हैंडपंप को ठीक कराने के लिए प्रधान के घर जाते है तो उन्हे दुत्कार कर भगा दिया जाता है। जो हैंडपंप खराब पड़े है इनपर प्रधानी चुनाव की रंजिश हाबी है।

**पानी की टंकी कभी चलती ही नहीं**

गांव परोंख में करीब तीन साल पहले जल जीवन मिशन के तहत पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था, जिसके तहत पूरे गांव में पानी की पाइप लाइन डाली गई थी, लेकिन इस टंकी का लाभ परोंख के ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। यह टंकी पिछले दो साल से खराब पड़ी हुई है। कई बार शिकायत करने के बाद भी अधिकारियों ने इसकी तरफ ध्यान नहीं दिया।

**हिटलरशाही से चल रहीं गांव की प्रधानी**

ग्रामीण डॉ. अमृत सिंह चौहान बताते है कि गांव की प्रधानी हिटलरशाही से चल रहीं है। ग्राम प्रधान का मतलब शून्य हैं, जो भी फैसले लेना है वह ग्राम प्रधान के पति पृथ्वीराज चौहान को लेने होते है। जो प्रधानी कार्यकाल गुंडागर्दी से चला रहे है। प्रधानी के चुनाव के समय जो ग्रामीण दूसरे प्रत्याशी के साथ घूमता था वह ग्रामीण प्रधान के घर के सामने से भी नहीं गुजर सकता है।

**क्या बोले डीपीआरओ मैनपुरी**

गांव परोंख में हैंडपंप खराब होने के मामले की जानकारी नहीं हैं, बीडीओ मैनपुरी को निर्देश देकर हैंडपंपों को ठीक कराया जाएगा, पानी के टंकी को भी ठीक कराया जाएगा, टंकी के बारे में पता किया जाएगा कि आखिर क्यो बंद हो जाती है।- अवधेश सिंह, डीपीआरओ मैनपुरी।

# विद्युत ट्रांसफार्मर कर रहा किसी बड़े हादसे का इंतजार, विभाग के कर्मचारी लगवा रहे शासन को लाखो का चूना

**मैनपुरी/भोगांव।** शासन प्रशासन विद्युत चोरी रोकने के लिये न जाने कितने प्रयास करता है और हर बर्ष करोडो रूपये इसे रोकने के लिये खर्च करता है इसके बाबजूद भी विधुत विभाग के अधिकारी एंव कर्मचारी शासन की मंशा को इस तरह पलीता लगाते है जिसका कोई जबाब नही है ऐसा ही एक उदाहरण नगर के जीटी रोड किनारे स्थित गिहार कालौनी के निकट स्थित रखे बिधुत ट्रांसफार्मर है जिसमे दर्जनो की संख्या मे लोगो ने बिधुत कटिया डालकर प्रतिदिन लाखो रूपये की विधुत चोरी की जा रही है तथा कभी भी गम्भीर हादसा होने से इन्कार नही किया जा सकता है। ज्ञात हो कि शासन एंव प्रशासन विधुत चोरी रोकने एंव विधुत हादसो को रोकनें के लिये प्रतिबर्ष करोडो रूपये खर्च करता है ताकि विधुत चोरी न हो सके और न ही कोई गम्भीर हादसा हो सके लेकिन स्थानीय विधुत विभाग के अधिकारियो एंव कर्मचारियो की घोर मनमानी एंव लापरवाही के कारण नगर के जीटी रोड के समीप चर्चित गिहार कालौनी के निकट रखे ट्रांसफार्मर पर दर्जनो की संख्या मे विधुत कर्मचारियो ने लोगो को विधुत आपूर्ति दे रखी है न तो विभाग ने किसी विधुत पोल से लोगो को कनैक्शन दिये है बल्कि विधुत ट्रांसफार्मर मे खुले तार जोड दिये है जिससे कभी भी कोई गम्भीर हादसा हो सकता है। विधुत ट्रांसफार्मर जीटी रोड पर सडक के किनारे रखा है पूरे दिन हजारो की संख्या मे बाहन सडक से होकर गुजरते है।

**बिजली विभाग ने नहीं किए वचाव के इंतजाम**

बिजली विभाग ने यहां पर न तो बचाव के मानक तय किये और न ही सुरक्षा के कोई इन्तजाम किये गये। चर्चा तो यह भी है कि विभाग के कर्मचारियो ने लोगो से सांठगांठ कर सैकडो लोगो को विधुत चोरी करवाकर विभाग को लाखो रूपये चूना लगवा रहे है। इस सम्बन्ध मे जब बिधुत उपखण्ड अधिकारी से बात की गई तों उन्होने यह कहकर फोन काट दिया कि बह इस सम्बन्ध मे कोई जानकारी नही दे सकते।

# ट्रेड प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु 20 जून तक आवेदन करें

**मैनपुरी।** उपायुक्त उद्योग उत्कर्ष चन्द्र ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजनान्तर्गत पारम्परिक कारीगर यथा बढ़ई, नाई, दर्जी, लोहार, राजमिस्त्री, हलवाई आदि ट्रेडों में प्रशिक्षण एवं टूलकिट प्रदान किये जाने हेतु लक्ष्य आवंटित किया गया है, उपरोक्त ट्रेडों में प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु जनपद के इच्छुक अभ्यर्थी उद्योग निदेशालय की बेवसाइट पर दि. 20 जून तक आवेदन कर सकते हैं। उन्होने बताया कि आवेदन पत्र के साथ अभ्यर्थियों को अपनी शैक्षिक योग्यता सम्बन्धी प्रमाण पत्र यथा जाति प्रमाण पत्र, आधार नम्बर, बैंक खाता पासबुक, सम्बन्धित ट्रेड में कार्य करने सम्बध्धी ग्राम प्रधान, नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत के सभासद द्वारा जारी प्रमाण पत्र, फोटो, स्कैन किये गये हस्ताक्षर एवं मोबाइल नम्बर अपलोड किये जायेंगे, आवेदन करते समय अभ्यर्थी आवेदन पत्र में अपना नाम, पता, मोबाइल नम्बर एवं खाता संख्या सही अंकित करवायें, योजनान्तर्गत अभ्यर्थियों के चयन हेतु साक्षात्कार की सूचना उनके द्वारा आवेदन पत्र में अंकित किये गये मोबाइल नम्बर पर दी जायेगी।

# जमीनी रंजिश में महिला की गोली मारकर हत्या

### पुलिस ने हत्यारोपी जेल भेजा, चार दिन बाद आनी थी बेटी की बरात



**कुरावली/मैनपुरी।** थाना क्षेत्र के गांव जखौआ में रविवार की रात्रि दो बजे करीब घर के कमरे में सो रही महिला की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या के पीछे रिश्ते की देवरानी से जमीनी विवाद में दो माह पहले हुई मारपीट को वजह बताया गया है। पुलिस ने छह लोगों पर केस दर्ज करते हुए गोली मारने वाले मुख्य आरोपी को जेल भेज दिया है। मृतका की बेटी की सात जून को बरात आनी है। शादी वाले घर में मातम पसर गया है। थाना क्षेत्र के गांव जखौआ निवासी अरविंद सिंह ने बताया कि उनकी मां रीना देवी और बहन घर में बने कमरे में सो रही थीं। तभी रिश्ते के बाबा रुकुम सिंह, जो कि पड़ोस में ही रहते हैं। उनके बेटे मुनेंद्र की पत्नी सपना के भाई संगम निवासी तौसईया किसानन, जसरथपुर, एटा ने मां रीना देवी के सीने में गोली मारकर हत्या कर दी। फायर की आवाज सुनकर घर वाले जाग गए। मौके पर ही संगम को मय तमंचा पकड़ लिया। अरविंद के अनुसार ने दो माह पहले छह बीघा जमीन को लेकर मां रीना देवी से सपना की मारपीट की घटना हुई थी। उसने तभी एलान किया था कि भाई को बुलाकर हत्या करा देगी। आरोप है कि इसी रंजिश में रविवार को सपना ने अपने भाई संगम और उसके दो अज्ञात साथियों को रविवार अपने घर बुला लिया था। तय प्लान के अनुसार रिश्ते के बाबा रुकुम सिंह उनके बेटे मुनेंद्र, जयपाल, इंद्रजीत उर्फ मीटू और सपना ने छत के रास्ते संगम को घर में घुसाया और हत्या की वारदात को अंजाम दे डाला।

**कोतवाली में बेटे ने दर्ज कराया मुकदमा**

मृतका रीना देवी के बेटे अरविंद की तहरीर पर कुरावली थाने में रुकुम सिंह उनके बेटे मुनेंद्र, जयपाल, इंद्रजीत उर्फ मीटू और सपना और उसके भाई संगम पर केस दर्ज किया है। संगम को पुलिस ने गिरफ्तार जेल भेज दिया है। वहीं, अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**बेटी के हाथ पीले करने से पहले उठी मां की अर्थी**

मृतका रीना देवी के पति किसान महेश चंद्र ने बताया कि उनके परिवार में दो बेटे प्रदीप और अरविंद के अलावा तीसरी बेटी मुस्कान है। 30 मई को मुस्कान की शादी की गांव में दावत की थी। सात जून को बेटी की बरात आनी है। इस घटना से शादी वाले घर में मातम पसर गया है। पत्नी रीना का अरमान था कि वह इकलौती बेटी के खुशी से हाथ पीले करेगी। मगर, बेटी की शादी से पहले ही उनकी हत्यारों ने अर्थी उठा दी।

**गांव में हुई जगार, दौड़ी पुलिस, पसरा मातम**

इस घटना के बाद देर रात दो बजे के करीब ही गांव में चीख पुकार मच गई। सूचना पर देर रात को ही कुरावली थाना पुलिस, कुरावली सीओ सहित अन्य फोर्स मौके पर पहुंच गया। श्वान दल और एफएसएल टीम ने मौके पर जाकर साक्ष्य जुटाए। इधर, गांव में इस घटना के बाद से मातम पसरा हुआ है। दोपहर बाद शव पोस्टमार्टम के बाद गांव पहुंचा।

**क्या बोले सीओ कुरावली**

सीओ कुरावली सच्चिदानंद ने बताया कि केस दर्ज कर लिया है। आरोपी संगम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# संदिग्ध बोरिंग और विस्फोट से फैला संक्रमण, दो की मौत

### आधा सैंकड़ा से अधिक बीमार, बोरिंग में विस्फोटक सामिग्री डालकर किया था विस्फोट, गांव पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम, कैंप लगाकर की 42 मरीजों की जांच, दवाइयां वितरित



**मैनपुरी।** कुरावली क्षेत्र के गांव हाफिजपुर में संदिग्ध परिस्थितियों में अज्ञात लोगों द्वारा की गई बोरिंग से फैले संक्रमण से दो लोगो की मौत हो गई, इसके साथ ही आधा सैंकड़ा से अधिक ग्रामीण बीमार बतां जाते है। सूचना मिलने के बाद सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची, टीम ने गांव में शिविर लगाकर लोगो की जांच करके दबाईयों को वितरण किया। कुरावली क्षेत्र के गांव हाफिजपुर में संदिग्ध बोरिंग और विस्फोट की घटना ने पूरे गांव को दहशत फैला दी है। ग्रामीणों बताते है कि 16 मई को छह से सात अज्ञात लोग गांव में आए और खुद को कोलकाता का बताते हुए डीजल- पेट्रोल की जांच की बात कही।

इन लोगों ने ट्रैक्टर से बोरिंग मशीन लाकर खेतों में कई स्थानों पर गहरे गड्ढे किए और उनमें विस्फोटक सामग्री डालकर विस्फोट किया। विस्फोट के दौरान पानी 20 से 50 फीट ऊपर तक उछला। यह प्रक्रिया तीन से चार दिन तक जारी रही।

**गांव के नलों से आने लगा बदबूदार पानी**

ग्रामीण बताते है कि अज्ञात लोग कोलकाता के होने का दावा कर रहे थे, लेकिन उनके ट्रैक्टरों पर उत्तराखंड का नंबर दर्ज था। घटना के लगभग 15 दिन बाद गांव में हैंडपंप और सबमर्सिबल से गंदा और बदबूदार पानी आने लगा, जिसे पीने के बाद गांव में उल्टी, दस्त और पेट दर्द की शिकायतें बढ़ने लगीं।

**संक्रमण के कारण 60 से 70 लोग बीमार**

ग्रामीणों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, संक्रमण के चलते अब तक करीब 60 से 70 लोग बीमार हो चुके हैं और कई को जिला अस्पताल सहित कुरावली व मैनपुरी के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। इस संक्रमण से दो लोगों की मौत भी हो चुकी है, जिनमें 26 वर्षीय मोहनलाल पुत्र रामकिशन और 5 वर्षीय बालिका निधि पुत्री सतीश शामिल हैं।

**42 मरीजों का परीक्षण किया गया**

सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में पहुंची और ग्रामीणों की जांच कर दवाइयों का वितरण किया। टीम ने गांव में कुल 42 मरीजों का परीक्षण किया। इस मौके पर डॉक्टर जेपी वर्मा डॉ. मुकेश, ताराचंद, सतीश, रोहित, अमित सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद रहे। क्षेत्रीय लेखपाल धर्मवीर पाल ने भी स्थिति का जायजा लिया।

**दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग**

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न दोहराई जा सकें। वहीं, लोग अब भी डर और चिंता के साये में जी रहे हैं।

**बोरिंग के समय ग्रामीणों ने बनाएं वीडियो**

जब संदिग्ध लोग गांव में बोरिंग करने के लिए पहुंचे जब संदिग्ध लोग बोरिंग करके विस्फोट कर रहे थें, तब ग्रामीणों ने वीडियो बना लिए, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि पानी काफी ऊचाई तक उछलता था।


कार्यालय नगर पंचायत कुरावली जनपद मैनपुरी।

पत्रांक: 179 / न0पं0कुरा0 / रा0वि0आ0 / नि0सू0 / 2025–26 दिनांक: 02/06/ 2025

-: निविदा सूचना :-

समस्त फर्मो/ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025–26 में प्राप्त धनराशि से दिनांक दिनांक 03.06.2025 प्रातः 10.00 बजे से दिनांक 24.06.2025 अपराह्न 3.00 बजे तक सीलबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। प्राप्त सभी निविदायें उसी कार्य दिवस की सायं 4.00 बजे उपस्थित ठेकेदार/फर्म अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पंचायत कुरावली द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्रों की बिक्री नगर पंचायत कार्यालय में दिनांक 03.06.2025 से दिनांक 24.06.2025 अपराह्न 01:00 बजे तक की जायेगी। निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर राशि अधिशासी अधिकारी के पदनाम बन्धक होगी। एफ.डी.आर. को मूलरूप में निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। बिना धरोहर राशि के कोई भी निविदा मान्य नहीं होगी। अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में निकाय कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत कार्य की सूची।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | अनुमानित आगणन की धनराशि | धरोहर राशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | एक्रूअल बेस दोहरी लेखा प्रणाली क्रियान्वयन (सम्पूर्ण कार्य पत्रावली में रखें शासनादेश के अनुसार) | 1,50,000.00 | 3,000.00 | 200.00 |

निविदाओं की शर्तेः-

1– किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी नगर पंचायत कुरावली में निहित होगा।

2– खुली व सशर्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।

3– उक्त निविदाओं में एकल निविदा मान्य नहीं होगी।

4– विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत कुरावली में की जा सकती है।

5– आपराधिक रिकार्ड वाले निविदादाता को निविदा प्रक्रिया में भाग लेने की अनुमति नहीं होगी।

6– कोई भी निविदादाता जो स्टेट बार कौंसिल में पंजीकृत है, वह निविदा प्रक्रिया में भाग नहीं ले सकते।

संदीप कुमार
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कुरावली

धर्मेन्द्र वर्मा
( अध्यक्ष )
नगर पंचायत कुरावली

## निष्कासन के बाद भी आदतन अपराधी हिन्दू महासभा के नाम पर करते थे वसूली: सरगना संजय जाट सहित 9 पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**हिंदुत्ववादी का चोला ओढ कर् दहशत फैलाने वाली एक गैंग का आगरा पुलिस ने पर्दाफाश किया है। इस गैंग के सरगना संजय जाट, जितेंद कुशवाह और अन्य साथियों पर जिले के विभिन्न थानों में कई मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी जमानत लेकर जेल से रिहा होने के बाद शहर में आतंक फैलाकर आर्थिक लाभ कमाते हैं। थाना प्रभारी एत्माद्दौला देवेंद्र दुबे ने अपने ही थाने में 9 लोगों पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा लिखाया है।**

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा।** हिंदुत्ववादियों का चोला ओढकर् समाज में आतंक फैलाने वाले एक गैंग का आगरा पुलिस ने पर्दाफाश किया है। गैंग के सदस्य मंदिरों में गाय का मांस फेंककर समुदाय विशेष में भय पैदा करते थे, इसके बाद कार्रवाई का डर दिखाकर उनसे वसूली करते थे। इसके अलावा कई ऐसे प्रकरण हैं जो अलग-अलग थानों में दर्ज हैं। इंस्पेक्टर एत्माद्वौला देवेंद्र दुबे ने अपने ही थाने में सरगना संजय जाट सहित 9 अपराधियों पर गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा लिखाया है। जल्द ही मुकदमे में नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा जाएगा। मुकदमे से अखिल भारत हिंदू महासभा के पूर्व पदाधिकारियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। गैंग का प्रमुख सदस्य जितेंद्र कुशवाह और सरगना संजय जाट है। थाना एत्माद्दौला प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र दुबे ने बताया कि गढ़ी चांदनी यमुनापार क्षेत्र में रहने वाला जितेंद्र कुशवाह अपराधी किस्म का शातिर बदमाश है। उसने साल 2023 में थाना एत्मादुद्दौला क्षेत्र के एक मंदिर में नवरात्रों के दौरान गाय का मांस फेंककर दहशत फैलाई थी। जिसका सीसीटीवी फुटेज से खुलासा हुआ था। इस मामले में जितेंद्र के साथ सरगना संजय जाट निवासी मुस्तफा क्वाटर्स थाना सदर बाजार के अलावा ब्रजेश भदौरिया निवासी देवरी रोड थाना सदर, सौरभ शर्मा निवासी अलबतिया थाना जगदीशपुरा, शानू कुरैशी निवासी सैयदपाड़ा थाना लोहामंडी, इमरान कुरैशी आलमगंज थाना लोहामंडी, शहनवाज निवासी अलबतिया रोड थाना जगदीशपुरा, नदीम निवासी सैयदपाड़ा लोहामंडी और शानू निवासी मुरली नगर लोहामंडी के खिलाफ कई गंभीर धाराओं में केस दर्ज हुआ था। ये सभी बदमाश सुनियोजित तरीके से गैंग बनाकर समाज में भय पैदा करते हैं। इसके बाद लोगों से मोटी रकम की वसूली करते हैं।

**ताजमहल के नाम पर विरोध प्रदर्शन**

गैंग में शामिल मुख्य सरगना संजय जाट, ब्रजेश भदौरिया, सौरभ शर्मा और जितेंद्र कुशवाह प्रशासन को भ्रमित करते हुए अखिल भारत हिंदू महासभा के सदस्य बताते हैं। संजय जाट अपने आप को राष्ट्रीय प्रवक्ता बताता है। ये लोग मीडिया में अपना नाम छपने के लिए ताजमहल को तेजोमहालय बताकर विरोध प्रदर्शन करते हैं। कई बार ऐसे प्रकरणों में गैंग के सदस्य हाइलाइट हो चुके हैं। हिंदुत्ववादी की छवि बनाकर शातिर लोग ऐसे गौकशों से कनेक्शन रखते हैं जो लोग मीट का कारोबार करते हैं। उनपर दवाब बनाकर उनसे वसूली करते हैं। कई मामलों में वसूली करते पकड़े भी गए हैं।

**चर्चित है संजय जाट**

संजय जाट के बारे में कई चर्चित मामले सामने आ चुके हैं। नाम ना छापने की शर्त पर संजय जाट के एक परिचित ने बताया कि संजय जाट की पिता मौत के बाद बैंक में नौकरी लगी थी, लेकिन राजनैतिक रसूख के चलते वह नौकरी पर नहीं जाता है। जबकि बैंक से तनख्वाह पाता है। इसके अलावा कई मामलों में वह जेल से जमानत पर बाहर चल रहा है। ऐसे ही इसके साथी सौरभ शर्मा, ब्रजेश भदौरिया आदि भी मामलों वांछित हैं।

**शराब के ठेके से वूसली में गया था जेल**

1 अप्रैल 2025 में थाना एत्माद्दौला में शराब दुकानों को बंद कराने के लिए संजय जाट, जितेंद्र कुशवाह ने दो महिलाओं समेत अन्य लोगों के साथ विरोध प्रदर्शन किया था। इसके बाद संजय जाट और उसकी महिला सदस्यों ने दुकानदार से एक लाख रुपये की चौथ मांगी थी। दुकानदार ने 50 हजार रुपये दे दिए, लेकिन इसके बाद फिर से 1 लाख की मांग की गई। इस पर मुकदमा दर्ज होने के बाद 5 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। इस मामले में भी जमानत पर रिहा होकर आए हैं। इनमें एक दो दिन बाद फिर से वसूली के मामले में थाना शाहगंज में नामजद हो गया था।

**मुकदमे में इन्हें किया नामजद**

जितेंद्र कुशवाह (गढ़ी चांदनी), संजय सिंह जाट (नगला काछियान, सदर), बृजेश भदौरिया, सौरभ शर्मा, शानू उर्फ इल्ली, इमरान कुरैशी, शान उर्फ शाहनवाज, नदीम उर्फ झल्लू, शानू को नामजद किया गया है। इंस्पेक्टर देवेंद्र कुमार दुबे ने बताया कि गैंग में दोनों समाज के लोग शामिल हैं। गोकशी के आरोप लगाकर अवैध वसूली भी की जाती थी। संगठन की आड़ में विरोध प्रदर्शन करके माहौल खराब किया जाता था। रंगदारी मांगी जाती थी। गैंगस्टर के मुकदमे से पहले विधिक राय ली गई थी। गोकशी की साजिश वाला मुकदमा सबसे गँभीर था। उससे शहर की फिजा बिगड़ सकती थी। नवरात्र के समय साजिश रची गई थी। पुलिस सूझबूझ से माहौल गर्माने से बचा था।

## आगरा रेल मंडल के भूतेश्वर-वृंदावन रोड सेक्शन में तीसरी और चौथी लाइन पर 07.44 किलोमीटर की दूरी पर स्वचालित सिग्नलिंग सफलतापूर्वक चालू की गई

### यह कमीशनिंग रेलवे अवसंरचना के आधुनिकीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** मंडल रेल प्रबंधक आगरा श्री तेज प्रकाश अग्रवाल के मार्गदर्शन में आगरा मंडल के भूतेश्वर- वृंदावन रोड सेक्शन में तीसरी और चौथी लाइन पर 07.44 किलोमीटर की दूरी पर स्वचालित सिग्नलिंग सफलतापूर्वक चालू की गई है। यह कमीशनिंग रेलवे अवसंरचना के आधुनिकीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है ढ्आगरा मंडल ने उक्त कमीशनिंग का कार्य संपन्न कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। यह उपलब्धि मंडल के मैंन लाइन की संचालन क्षमता, संरक्षा,सुरक्षा और उन्नत संचार प्रणाली को मजबूत करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

**प्रमुख उपलब्धियां:-**

नए रिले हट एलएससी-3 ए का निर्माण, वृंदावन रोड स्टेशन पर नई ए केबिन, वृंदावन रोड स्टेशन पर नई बी केबिन का निर्माण

ए में हिताची एमएलके-II सिस्टम की स्थापना,

भूतेश्वर सेंट्रल केबिन, भूतेश्वर बी केबिन, वृंदावन रोड सेंट्रल केबिन, वृंदावन रोड ए केबिन, वृंदावन रोड बी केबिन में एमएलकेआईआई ईआई में बड़े बदलाव किए गए।

ऑटो सेक्शन में 34 डीपी और 30 ट्रैक सेक्शन की स्थापना के साथ मेसर्स फ्राउशर मेक एमएसडीएसी की कमीशनिंग।

मेसर्स एल्डीन मेक के मौजूदा यार्ड एमएसडीएसी के वीडीयू रीसेटिंग के संबंध में प्रमुख ईआई परिवर्तन।

एलएससी 3ए, वृंदावन रोड नए ए केबिन और वृंदावन रोड नए बी केबिन में फायर अलार्म सिस्टम लगाया गया है।

एलएससी-3 ए में नए एकीकृत बिजली आपूर्ति (आईपीएस) सिस्टम की स्थापना।

रिले हट एलएससी 3ए में एफ़ट्रॉनिक्स मेक डेटालॉगर स्थापित किया गया।

एलएससी 3ए, वृंदावन रोड नए ए केबिन और वृंदावन रोड नए बी केबिन में आरडीएसओ विनिर्देश और नवीनतम टीएएन के अनुसार रिंग अर्थिंग, पेरीमेट्रिक अर्थिंग, क्लास-ए प्रोटेक्शन व्यवस्था की गई है।

यह महत्वपूर्ण कार्य परिचालन एवं सिग्नल एवं टेलिकॉम व इंजीनियर, प्रोजेक्ट विभाग के अधिकारी, पर्यवेक्षकों व कर्मचारियों के अहम् योगदान से संपन्न हुआ है।

## शिक्षक के घर से 90 हजार उड़ाने वाले दो और आरोपी गिरफ्तार

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** खेरागढ़ बीते 29 अप्रैल को खेरागढ़ कस्बे के ऊंट गिरी रोड पर एक शिक्षक के घर से दिनदहाड़े 90 हजार रुपये की चोरी के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने इस वारदात में शामिल दो फरार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।



**कैसे पकड़े गए आरोपी**

थानाध्यक्ष मदन सिंह ने बताया कि शनिवार को गश्त के दौरान पुलिस टीम ने कागारोल रोड पर भीलावली मोड़ के पास से दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा. पूछताछ में उनकी पहचान लाला, निवासी गुतिला, फतेहाबाद और धर्मपाल, निवासी ऊंटगिरी, खेरागढ़ के रूप में हुई. ये दोनों वही व्यक्ति हैं जो 29 अप्रैल को हुई चोरी की वारदात में शामिल थे और तभी से फरार चल रहे थे।

**पहले भी हो चुकी है गिरफ्तारी**

उन्होंने बताया कि इस चोरी की घटना में शामिल एक अन्य अभियुक्त, रूपकिशोर, को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी थी. अब लाला और धर्मपाल की गिरफ्तारी के साथ, इस मामले में पुलिस ने सभी मुख्य आरोपियों को पकड़ लिया है। पुलिस ने दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों को जेल भेज दिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इस गिरफ्तारी से कस्बे में हुई चोरी की वारदात का खुलासा हो गया है और पुलिस की सक्रियता पर स्थानीय लोगों ने संतोष व्यक्त किया है।

## पुलिस ने 494 किलो गांजा पकड़ा : तीन करोड़ रुपए कीमत, अंतरराज्यीय गैंग के तीन सदस्य पकड़े, ट्रक में छिपाकर लाते थे

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** पुलिस ने गांजे की तस्करी करने वाले अंतरराज्यीय गैंग के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 494 किलो गांजा बरामद किया गया है। ये ट्रक में ड्राइवर केबिन के पीछे गुप्त बॉक्स में गांजा छिपाकर लाते थे। पुलिस ने तीनों तस्करों को जेल भेज दिया है। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि सिकंदरा थाना क्षेत्र में हीरा लाल की प्याऊ के पास चेकिंग के दौरान तीन संदिग्ध मिले। इसमें अफसार, प्रसन्नजीत और धर्मपाल उर्फ धर्मा को पुलिस ने पकड़ा। इसमें मोहम्मद अफसार ने बताया कि वो अपने साथी अनिल शर्मा के साथ मिलकर दो साल से गांजे की तस्करी कर रहा है। वो उड़ीसा और आंधप्रदेश से दिलीप नाम के व्यक्ति से तीन हजार रुपए प्रति किलो के हिसाब से गांजा खरीदकर लाता है। इसके बाद अभियुक्त अंजुम और जाकिर निवासी लोनी को 10 से 15 हजार रुपए किलो के हिसाब से बेच देते हैं। धर्मपाल ने बताया कि वो अनिल के गांव पिनाहट का रहने वाला है। गांजा लाने ले जाने के लिए वाहन उपलब्ध कराता था। डीसीपी ने बताया कि इनके पास से एक ट्रक भी बरामद हुआ। इसमें केबिन के पीछे एक बॉक्स बना था। इसमें गांजा छिपाया हुआ था। पकड़े गए गांजे की कीमत करीब तीन करोड़ रुपए आंकी गई है।सोमवार को आगरा पुलिस ने गांजा तस्करी का बड़ा पर्दाफाश किया है। उड़ीसा से ट्रक द्वारा 494 किलो गांजा आगरा और आसपास के जिलों व राज्यों में सप्लाई के लिए लाया जा रहा था। यह गांजा चालक की सीट के नीचे छुपा हुआ था. पुलिस ने थाना सिकंदरा के हीरालाल की प्याऊ से ट्रक को पकड़ा है और गांजा बरामद किया है। इस बरामद गांजे की कीमत करीब तीन करोड़ रुपये बताई गई है।

**सर्विलासं, एसओजी और थाना पुलिस ने पकड़ा**

पुलिस के अनुसार अवैध मादक पदार्थ गांजा की विभिन्न राज्यों में तस्करी एवं खरीद फरोख्त करने वाले गैंग का पर्दाफाश किया गया है. एसओसी सर्विलांस और थाना सिकंदरा पुलिस ने हीरालाल की प्याऊ के पास से एक ट्रक को रोका. ट्रक को चेक किया गया तो चालक की सीट के नीचे से 494 किलो गांजा मिला. पुलिस ने गैंग के तीन



सदस्यों को अरेस्ट किया है जबकि छह सदस्य अभी भी फरार हैं। पुलिस ने 494.35 किलो गांजा के अलावा एक कैंटर वाहन, सात मोबाइल फोन, चार आधार कार्ड, तीन पैन कार्ड और एक कार भी गैंग से बरामद किए हैं।

**उड़ीसा और आंध्र से खरीदते थे**

पुलिस पूछताछ में एक तस्कर मो. अफसार ने बताया कि वह अपने साथी अनिल शर्मा के साथ मिलकर करीब दो वर्ष से गांजा तस्करी का काम कर रहे हैं. उड़ीसा और आंध्र प्रदेश से दिलीप नाम के व्यक्ति से 3 हजार रुपये प्रति किलो के हिसाब से गांजा खरीद कर लाते हैं और अंजुम व जाकिर निवासी लोनी को 10 से 15 हजार रुपये प्रति किलो के हिसाब से बिक्री कर देता है. अभियुक्त धर्मपाल उर्फ धर्मा ने बताया कि वह अनिल शर्मा निवासी पिनाहट के पास का रहने वाला है और अनिल के कहने पर गांजे को लाने व ले जाने के लिए वाहन एवं लेबर उपलब्ध कराता है. यह गांजा आगरा व मथुरा में बेचने का काम कर रहे हैं।

**पकड़े गए तस्करों के नाम**

मोहम्मद अफसार पुत्र मोहम्मद जरीफ अहमद निवासी मोहल्ला कुरैशियान ग्राम पंचायत सैद नगरी थाना सैदनगली तहसील हसनपुर जिला अमरोहा हाल निवासी रेल बिहार सदुल्ला बाग लोनी देहात थाना लोनी जिला गाजियाबाद

धर्मा उर्फ धर्मपाल पुत्र चौब सिंह निवासी खटीक टूला थाना पिनाहट प्रसन्नजीत मित्र पुत्र रमेश मित्र निवासी बतला स्टेशन रोड थाना बनगांव जिला नार्थ 24 परगना राज्य (पश्चिम बंगाल)है।

**अब इनकी तलाश में पुलिस**

राहुल निवासी बकरावुल थाना पिनाहट

रंनजय पुत्र माता प्रसाद निवासी हीजडा वाली गली थाना पिनाहट अनिल शर्मा निवासी कस्बा पिनाहट अंजु निवासी लोनी थाना लोनी गाजियाबाद जाकिर निवासी लोनी थाना लोनी गाजियाबाद दिलीप निवासी राजमंदिर आंध्रप्रदेश की तलाश जारी हैं।

**तस्करी नेटवर्क का विस्तार**

डीसीपी सोनम कुमार ने बताया कि पुलिस तस्करी गिरोह के अन्य छह फरार सदस्यों की तलाश कर रही है, जिनमें पिनाहट निवासी राहुल और रनजय शामिल हैं। इस कार्रवाई अपर पुलिस उपायुक्त नगर/लाइन्स आदित्य कुमार के निर्देशन पर एसीपी हरीपर्वत विनायक भोसले के नेतृत्व में इंस्पेक्टर नीरज शर्मा, एसओजी और सर्विलांस टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया।

## रकाबगंज पुलिस के हत्थे चढे 14 जुआरी: बंद मकान में चल रहा था तास के पत्तों पर पैसे लगाने का खेल, पुलिस ने भेजा जेल

सांध्य पहल संवाददाता




**आगरा।** हार जीत की बाजी लगाकर संगठित रूप से सट्टे की खाई बाड़ी करने वाले 14 अभियुक्तों को थाना रकाबगंज पुलिस टीम द्वारा किया गिरफ्तार। पुलिस आयुक्त,आगरा दीपक कुमार के निर्देशन व पुलिस उपायुक्त, नगर सोनम कुमार के पर्यवेक्षण में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने के दृष्टिगत पुलिस बल द्वारा अपने अपने क्षेत्र में बैरियर लगाकर लगातार संदिग्ध व्यक्ति/वाहन की चेकिंग एवं गस्त की जा रही है। इसी क्रम में 01./02. जून की रात्रि को थाना रकाबगंज पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रांतर्गत गश्त/चैकिंग की जा रही थी, इसी दौरान मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर हार जीत की बाजी लगाकर संगठित रूप से सट्टे की खाई बाडी करने वाले 14 अभियुक्तों को एसआर गली में स्थित एक मकान से गिरफ्तार कर लिया गया । गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से रूपया 53,980/ , 10 मोबाइल फोन, 53 सट्टा पर्ची व 04 पेन बरामद हुये।पकड़े गए आरोपियों के विरुद्ध पुलिस ने धारा 3/4 जुआ अधिनियम व धारा 112 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर सभी को जेल भेज दिया।

**पकड़े गए जुआरियों की पहचान**

01. उदय प्रताप तोमर पुत्र रामनिवास तोमर निवासी राणा प्रताप कालोनी थाना सदर बाजार, आगरा।

02. चन्द्र प्रकाश पुत्र खरग सिंह निवासीनामनेर थाना सदर बाजार, आगरा

03. योगेन्द्र सिंह पुत्र महावीर सिंह निवासी नेताजी नगर नामनेर थाना रकाबगंज, आगरा।

04. सोनू शर्मा पुत्र पवन शर्मा निवासी नामनेर थाना सदर बाजार, आगरा।

05. रामू पत्र चन्द्रपाल निवासी लोहारों की बगीची थाना रकाबंगज, आगरा।

06. योगेश पुत्र रामबाबू निवासीकुतलुपुर ईदगाह थाना रकाबगंज, आगरा।

07. नितिन पुत्र गोकुल चन्द निवासी ईदगाह कटघर थाना रकाबगंज, आगरा।

08. शैलेन्द्र सिंह पुत्र गणेश सिंह हाल निवासी सदर बाजार, निर्मल बेकरी 7

09. शब्बीर पुत्र तफीम निवासी सदर बाजार, आगरा।

10. डेनियल पुत्र आनंद निवासी ईदगाह कटघर थाना रकाबगंज, आगरा 7

11. साहिल पुत्र मौ0 अन्सार निवासी ईदगाह कटघर नई आबादी, आगरा।

12. गब्बर पुत्र संतोष निवासी ईदगाह कुतलुपुर, आगरा।

13. अशोक कुमार पुत्र स्व0 राजू निवासी आर0पी कालोनी थाना सदर बाजार, आगरा ।

14. शहंशाह पुत्र अन्सार निवासी कुम्हारो की बगीची थाना रकाबगंज, आगरा शामिल है।

**जुआरियों पर कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में शामिल अधिकारी**

थाना प्रभारी निरीक्षक रकाबगंज सुभाष चन्द्र, एसआई शिवेन्द्र सिंह, एसआई रजनीश कुमार, एसआई संदीप कुमार प्रशिक्षु एसआई सचिन परमार राहुल तोमर, हेड कास्टेबल मांगेराम,व कौशलेन्द्र सिंह, कास्टेबल अवधेश चौधरी व रवि कुमार और आमीर आलम, शामिल रहे।

## करकुंज के पास कार ने ऑटो और बाइक को रौंदा, दो की मौत

**आगरा।** करकुंज मार्ग पर कार ने ऑटो और बाइक आपस में भिड़ गयी, जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी। यह घटना रात करीब 11 बजे की है। हादसे के बाद कार चालक अपनी गाड़ी को लेकर भाग गया। हादसे में ऑटो और बाइक सवार सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को एसएन अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने दो लोगों को मृत बता दिया।डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि सफेद रंग की एक कार सेक्टर 11 स्थित पानी की टंकी की तरफ से करकुंज की तरफ जा रही थी। वहीं बाइक और ऑटो करकुंज की ओर से पानी की टंकी तरफ जा रहे थे। कार ने पहले बाइक को चपेट में लिया। उस पर तीन लोग सवार थे। इसके बाद ऑटो को भी चपेट में लिया। हादसा इतना जोरदार था कि ऑटो और बाइक कई मीटर दूर जा गिरे। हादसे में मृतक की पहचान गिहारा बस्ती, हरीपर्वत निवासी आशुतोष (21) और ऋतिक के रूप में हुई। वहीं गिहारा बस्ती के ही साजन और आवास विकास कॉलोनी के सेक्टर 12 निवासी सौरभ गंभीर घायल हो गए। उनका उपचार चल रहा है। जानकारी पर परिजन पहुंच गए। उनमें कोहराम मच गया।





## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार में मारी टक्कर, युवक घायल, अस्पताल में भर्ती, उपचार के दौरान मौत

सांध्य पहल संवाददाता



**आगरा/फतेहाबाद।** आगरा से बाइक पर लौट रहे दूध विक्रेता को कार ने टक्कर मार दी जिसके चलते बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया।पुलिस ने उसे उपचार के लिए भेज दिया।देर रात उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी अनुसार डौकी के नगला विषै निवासी विशाल आगरा में दूध का व्यापार करते हैं।रविवार शाम करीब चार बजे आगरा से प्लेटिना बाइक से अपने घर वापस आ रहे थे । तभी आगरा फतेहाबाद रोड कच्छपुरा पर तेजरफ्तार कार ने अपनी चपेट में ले लिया। कार की चपेट में आने से विशाल गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर थाना डौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई और घायल बाइक सवार विशाल को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया। जहां निजी अस्पताल में घायल विशाल का इलाज चल रहा है । वही कार सवार कार को छोड़कर भाग गया ।परिजनों ने कर सवार के खिलाफ थाना डौकी में लिखित तहरीर दी है। तहरीर के आधार पर थाना डौकी पुलिस छानबीन में जुट गई। देर रात बाइक सवार की उपचार के दौरान अस्पताल में मौत हो गई।घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने फतेहाबाद आगरा मार्ग पर जाम लगा दिया।घटना की जानकारी पर डौकी पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।ग्रामीणों ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया।वही देर रात पुलिस ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर कर शांत किया तथा जाम खुलवाया।

## सेना भर्ती स्थगित हो जाने से अवसाद मे आए युवक ने फंदे पर लटककर दी जान

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना किरावली क्षेत्र के अंतर्गत गांव गढ़ी विचित्रा कराहरा गांव में एक युवक ने अवसाद में आकर फंदे पर लटककर जान दे दी।जानकारी के मुताबिक गढ़ी विचित्रा निवासी (27) वर्षीय हेमंत पुत्र राजेंद्र सिंह ने अपने प्लाट पर फंदा लटकाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक हेमंत के पिता राजेंद्र सिंह के मुताबिक वर्ष 2020 में उनका बेटा सेना में भर्ती हो गया था। मेडिकल होने के बाद भर्ती निरस्त कर दी गई थी। तभी से वह अवसाद में आ गया और मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। इसी परेशानी में आकर उसने यह कदम उठा लिया। पिता राजेंद्र सिंह ने बताया कि शनिवार रात करीब 10:20 बजे उनका पुत्र हेमंत खाना खाकर पशुओं के प्लाट पर सोने चला गया थाना रविवार की सुबह जब वह प्लाट पर पहुंचे तो कपड़े की रस्सी से टिन में लगे पाइप से हेमंत का शव फंदे से लटका मिला जिसे देखकर परिजनों में चीख पुकार मच गई। बेटे की मौत से मां सुमन देवी और बहन रिंकी सहित अन्य परिजनों का रो-रोकर बुर हाल है। थाना पुलिस ने बताया कि मृतक के परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया और शव का अंतिम संस्कार कर दिया।



## दयालबाग में ट्रैक्टर ने कोल्ड स्टोर मालिक की बेटी को रौंदा: एक्टिवा पर बहन के साथ पोइया घाट की ओर से आ रही थी, घटना सीसीटीवी में कैद



**आगरा।** दयालबाग रोड पर शुक्रवार रात को ट्रैक्टर ट्राली की चपेट में आने से कोल्ड स्टोर स्वामी की 16 वर्षीय बेटी सिद्धि उर्फ नव्या की जान चली गई थी। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जिस जगह घटना हुई, वहां सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। पुलिस को आशंका है कि तेज गति से ट्रैक्टर ट्राली के आने के दौरान निर्माणाधीन सड़क पर स्कूटर गिरने की वजह से हादसा हुआ। ट्रैक्टर नव्या के सिर को कुचलता हुआ निकल गया। घटना शुक्रवार रात 1ः30 बजे की है। गंगे गौरी बाग, बल्केश्वर निवासी दिलीप अग्रवाल के हाथरस मार्ग पर कोल्ड स्टोर हैं। (16) वर्षीय बेटी सिद्धि उर्फ नव्या अग्रवाल ने दसवीं की परीक्षा पास की थी। घटना वाले दिन वह स्कूटर से अपनी छोटी बहन के साथ घर की तरफ जा रही थीं। दयालबाग पोड़या घाट मार्ग पर श्रीराम फार्म हाउस के पास एक ट्रैक्टर ट्राली ने दोनों बहनों को चपेट में ले लिया। नव्या ट्रैक्टर की चपेट में आ गई। उसकी मौके पर ही जान चली गई। हादसे के बाद का भी एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया। जिसमें नव्या खून से लथपथ पड़ी है। उसकी बहन रोते हुए लोगों से मदद मांग रही है। वहां से गुजर रहे लोगों युवती को दिलासा दे रहे हैं। बताया गया है घटनास्थल के पास मैरिज होम के बाहर सीसीटीवी कैमरों के फुटेज चेक किए। एक में नजर आया कि एक ट्रैक्टर पोइया घाट की तरफ से न्यू आगरा की तरफ जा रहा है। फार्म हाउस से आगे निकलते ही हादसा होता है। इसके बाद स्कूटर सवार दोनों बहन सड़क पर गिरी हुई नजर आ रही हैं। जिस जगह पर हादसा हुआ, वहां पर दोनों तरफ सड़क का निर्माण चल रहा है। इसके लिए गिट्टी डाली गई हैं। मगर, कोई संकेतक नहीं लगाया गया है। तेजगति से आती ट्रैक्टर ट्राली की वजह से हादसा होता है। सड़क पर गिट्टी होने की वजह से दोनों बहनें गिरती हैं। एक सड़क से दूसरी तरफ गिरने की वजह से बच जाती है। परिजन जो भी तहरीर देंगे, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। ट्रैक्टर ट्राली की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। उधर, घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

**रात को तेज रफ्तार से दौड़ते हैं ट्रैक्टर**

पोइया घाट पर रात को तेज रफ्तार से ट्रैक्टर दौड़ते हैं। इसको लेकर लोगों में आक्रोश है। उनका कहना है कि रात होते ही यहां पर तेज ट्रैक्टर ट्राली दौड़ते हैं। सिंगल रोड होने के चलते आए दिन हादसे होते रहते हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जाती।

## खेलते-खेलते छिन गया बचपन : तालाब में डूबने से 12 वर्षीय बालक की दर्दनाक मौत

सांध्य पहल संवाददाता

**आगरा।** थाना चित्राहाट क्षेत्र के गांव पारना में रविवार को एक दर्दनाक हादसे ने पूरे गांव को गमगीन कर दिया। तालाब किनारे खेलते समय 12 वर्षीय लाला पुत्र सतेंद्र का पैर अचानक फिसल गया और वह पानी में गिर पड़ा। गहराई का अंदाज़ा न होने से वह डूब गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद तालाब के पास मौजूद बच्चों ने शोर मचाया। सूचना पर परिजन और ग्रामीण दौड़े चले आए और तालाब में उसकी खोजबीन शुरू की गई। कुछ ही देर में लाला का शव मृत अवस्था में पानी से बरामद हुआ। मासूम की मौत के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोगों ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाया।

**घटना से गांव में पसरा मातम**

शांत तालाब की लहरों के बीच घुला लाला का मासूम जीवन गांववालों के लिए किसी सदमे से कम नहीं रहा। इस हादसे ने ग्रामीणों को गहरे शोक में डाल दिया है।



## मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक 27 जून को

### बैठक में निजी मार्गों पर मंजिली गाड़ियों के स्थायी सवारी गाड़ी परमिटों की स्वीकृति हेतु प्राप्त आवेदनों तथा अन्य लम्बित प्रकरणों पर किया जायेगा विचार

**आगरा।** सचिव, सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण श्री अरुण कुमार ने अवगत कराया है कि श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह, मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में सम्भागीय परिवहन प्राधिकरण, आगरा की बैठक दिनांक 27.06.2025 को दोपहर 12ः00 बजे से मण्डलायुक्त कार्यालय, आगरा के सभागार कक्ष में आहूत की गई है। इस बैठक में निजी मार्गों पर मंजिली गाड़ियों के स्थायी सवारी गाड़ी परमिटों की स्वीकृति हेतु प्राप्त आवेदनों तथा अन्य लम्बित प्रकरणों पर विचार किया जायेगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बैठक में अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु स्वयं या अपने प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होने का आग्रह किया है। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि बैठक में उपस्थित होने हेतु कोई सूचना पृथक से प्रेषित नहीं की जायेगी। यदि बैठक की तिथि में कोई परिवर्तन होता है तो उक्त तथ्य की सूचना समाचार पत्रों के माध्यम से प्रकाशित की जायेगी।

# कस्टम मिलिंग की राशि नहीं मिलने पर मिलर्स अतिशेष धान खरीदने में नहीं दिखा रहे रूचि

## 32 लाख मिट. टन धान खरीदी के लिए नहीं ले रहे रूचि

## मार्कफेड ने प्राइस मेचिंग के आधार पर धान खरीदी करने के लिए दोबारा निकाला टैंडर

**रायपुर, कासं.।** राज्य सरकार द्वारा धान खरीदी के लिए नोडल एजेंसी मार्कफेड ने अतिशेष 35 लाख मि. टन क्विंटल से अधिक अतिशेष धान खरीदी के लिए टैंडर जारी कर दिया है। प्राइस मेचिंग रेट पर धान खरीदी के लिए निकाले गये टैंडर में राइस मिलर्स तैयार नहीं हो रहे हैं। राइस मिल के मालिकों का कहना है कि हमें कस्टम मिलिंग का पैसा नहीं मिल रहा है इसलिए राइस मिलर्स लामबंद हो गये हैं। मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश शासन द्वारा मंत्रिमंडल उपसमिति गठित की गई है। जिसमें अतिशेष धान खरीदी का मूल्य तय किया गया है जिसके अनुसार अतिशेष धान प्रतिक्विंटल 19 सौ रुपये में बेचा जाएगा। वैसे तो सरकारी समर्थन मूल्य 2120 है और बोनस मिलाकर यह करीब 31 सौ रुपये प्रति क्विंटल पड़ता है। राज्य सरकार द्वारा इस वर्ष 130 लाख मिटरिक टन धान की खरीदी कर ली गई है इनमें से 40 लाख टन का उठाव भंडारन केंद्रों से नहीं हो रहा है। मार्कफेड द्वारा भंडारन केंद्रों से धान का उठाव एवं नीलामी के लिए टैंडर जारी किया गया था जिसमें रायपुर राजनांदगांव दुर्ग एवं बालोद के राइस मिलरों ने अपनी रूचि दिखाई है। अभी तक 10 स्टेग धान बिक पाया है। जिसकी औसत गणना के अनुसार 12 लाख होता है। शेष धान की बिक्री नहीं हो पाई है। यह दूसरी बार है कि टैंडर जारी किया गया है।

**बरसात होते ही करोड़ों मूल्य का धान खराब होगा**

मार्कफेड के अधिकारियों के अनुसार इस समय विभिन्न धान भंडारण केंद्रों में धान पड़ा हुआ है। लेकिन इसकी बिक्री नहीं हो पा रही है। नीलामी की बार बार तिथि तय की जाती है लेकिन व्यापारी नहीं आ रहे हैं। राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष के अनुसार धान खरीदी के लिए व्यापारी उत्सुक है लेकिन कस्टम मिलिंग के लिए जो राशि दी जाती है वह नहीं जा रही है जिसके कारण व्यापारी परेशान है। व्यापारियों के अनुसार धान खरीदी एवं मिलिंग के लिए सरकार द्वारा रेट तय किया गया है लेकिन वह अभी नहीं दिया जा रहा है जिससे मिल मालिकों की हालत खस्ता हो रही है। राइस मिल के संचालकों ने शासन अपील की है कि सरकार शीघ्र ही इसका हल निकाले। बरसात का सीजन शुरू हो गया है ऐसे में धान का अंकुरण प्रारंभ हो जाएगा और लाखों रुपये का धान खराब हो जाएगा। इधर शराब निर्माता कंपनी भी धान खरीदी के लिए उत्सुक है लेकिन पहले इसकी सफाई करना होगा इसके पश्चात ही इससे अन्य उत्पाद बनाए जाएंगे।

# महतारी वंदन योजना के फॉर्म भरने का मिलेगा एक और मौका, सीएम ने की घोषणा

**रायपुर, कासं.।** छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना के फॉर्म फिर से भरे जाएंगे। सीएम विष्णुदेव साय ने इसकी घोषणा की है. फिलहाल राज्य की करीब 70 लाख महिलाओं को इस योजना का लाभ मिल रहा है। छत्तीसगढ़ की महिलाओं के लिए एक बड़ी खुशखबरी है. मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक सामाजिक कार्यक्रम के दौरान घोषणा की है कि महतारी वंदन योजना से वंचित महिलाओं को जल्द ही फिर से फॉर्म भरने का मौका मिलेगा। फिलहाल राज्य की करीब 70 लाख महिलाएं इस योजना का लाभ उठा रही है। मुख्यमंत्री के इस ऐलान से उन महिलाओं में भी उम्मीद जगी है जो किसी कारण से पहले चरण में आवेदन नहीं कर पाई थीं। यह कदम महिला सशक्तिकरण के प्रति राज्य सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है और यह भी संकेत देता है कि योजना का लाभ अधिक से अधिक पात्र महिलाओं तक पहुंचाया जाएगा।

**फिर से भरा जाएगा महतारी वंदन योजना का फॉर्म**

दरअसल, छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना से छूटी महिलाओं के लिए राहत भरी खबर है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक सामाजिक कार्यक्रम में घोषणा की कि योजना के फॉर्म जल्द ही फिर से भरे जाएंगे। फिलहाल योजना से राज्य की करीब 70 लाख महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है. छूटी हुई पात्र महिलाओं के लिए फिर से आवेदन की प्रक्रिया शुरू कर सरकार सामाजिक समावेशन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है, इससे ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाओं को लाभ मिलेगा।

**क्या है महतारी वंदन योजना?**

बता दें कि महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ सरकार की एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा पहल है, जिसका उद्देश्य राज्य की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। इस योजना के अंतर्गत महिलाओं को प्रतिमाह? 1,000 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है. यह राशि सीधे लाभार्थी महिलाओं के बैंक खातों में स्थानांतरित की जाती है, जिससे पारदर्शिता और सुविधा दोनों सुनिश्चित होती है।

# कुम्हारी टोल प्लाजा को लेकर बढ़ा विवाद, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने गडकरी से की मुलाकात

**रायपुर, कासं.।** छत्तीसगढ़ के कुम्हारी टोल प्लाजा में जारी अवैध वसूली का मामला अब गर्मा गया है। कांग्रेस के पूर्व विधायक विकास उपाध्याय इस मुद्दे को लेकर लगातार सक्रिय हैं। उन्होंने पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और राज्य के 10 भाजपा सांसदों को पत्र लिखकर टोल प्लाजा को बंद कराने की मांग की थी।

इसके बाद उन्होंने इस अवैध वसूली के विरोध में जोरदार प्रदर्शन भी किया। रविवार को विकास उपाध्याय ने नागपुर पहुंचकर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। उन्होंने मंत्री को बताया कि कुम्हारी टोल प्लाजा का टेंडर खत्म हो चुका है, बावजूद इसके वहां अवैध रूप से वसूली की जा रही है। उन्होंने गडकरी को एक ज्ञापन भी सौंपा। उपाध्याय ने मंत्री से चर्चा के दौरान यह भी कहा कि नियमों के अनुसार 60 किलोमीटर की परिधि में दो टोल प्लाजा संचालित नहीं हो सकते, लेकिन छत्तीसगढ़ में इस नियम की अनदेखी की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि न सिर्फ कुम्हारी, बल्कि प्रदेश में कई ऐसे टोल प्लाजा हैं जो इस नियम का उल्लंघन कर रहे हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए जल्द ही कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद करने की कार्रवाई का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने छत्तीसगढ़ के अन्य टोल प्लाजा की जानकारी भी मंगवाने और आवश्यक कदम उठाने की बात कही। पूर्व विधायक ने बताया कि बीते कई वर्षों से वे इस टोल प्लाजा को बंद कराने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। कांग्रेस नेताओं के साथ मिलकर उन्होंने ह्ल्ख्रढ्ढ कार्यालय का घेराव किया, सांसदों को पत्र लिखा, जनता के बीच हस्ताक्षर अभियान चलाया और विभिन्न तरीकों से विरोध प्रदर्शन किया। विकास उपाध्याय ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही कुम्हारी टोल प्लाजा को बंद नहीं किया गया और 60 किलोमीटर के दायरे में संचालित अन्य टोल प्लाजा पर कार्रवाई नहीं हुई, तो दिल्ली के जंतर मंतर पर धरना देंगे और नागपुर स्थित गडकरी के निवास के बाहर प्रदर्शन करेंगे।

# मितानीन बहनों का किया विधायक ने किया सम्मान

**रायपुर, कासं.।** रायपुर दक्षिण विधायक पुरंदर मिश्रा ने मितानीन बहनों को साड़ी वितरण कर उन्हें सम्मानित किया। इससे पहले मिश्रा ने लोगों के स्वास्थ्य, कल्याण और सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को बरसात के मौसम में बीमारियों की रोकथाम के लिए सक्रिय भूमिका निभाग के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बारिश शुरू होने से पहले वार्डों का सर्वे कर यह जानकारी लें कि उन्हें सरकारी योजना का लाभ मिला है या नहीं। इसके लिए प्रत्येक लाभार्थी की जानकारी फॉर्म में भरकर संकलित की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि शासन की सभी योजनाएं जरूरतमंदों तक पहुंचे।

# जल भराव को रोकने नालों की साफ-साफाई एवं पुल मरम्मत करने महापौर का निर्देश

**रायपुर, कासं.।** नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने नगर निगम जोन 5 के अंतर्गत भक्त माता कर्मा वार्ड क्रमांक 67 के क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न स्थानों का निरीक्षण बारिश के पूर्व नाले - नालियों की सफाई व्यवस्था और विभिन्न कार्यों को लेकर स्थल का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर महापौर के साथ स्थानीय पार्षद तथा अन्य अधिकारी माजूद थे नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड 67 पार्षद श्रीमती ममता सोनू तिवारी, जोन 5 जोन कमिश्नर खीरसागर नायक, कार्यपालन अभियंता लाल महेन्द्र प्रताप सिंह, सहायक अभियंता नागेश रामटेके, जोन स्वास्थ्य अधिकारी संदीप वर्मा, उप अभियंता सर्वसंस्कार शर्मा, टिकेन्द्र चंद्राकर, अंकुर शर्मा एवं अन्य सम्बंधित जोन अधिकारियों की उपस्थिति में किया. कार्य की स्थल समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए. महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने लोहार चौक भाठागांव के समीप निकास सुगम बनाने पुलिया की आवश्यक मरम्मत शीघ्र करवाने, चंगोराभाठा शीतला तालाब की सफाई और सौंदर्यीकरण हेतु आवश्यक प्रस्ताव शीघ्र भेजने के निर्देश दिए है। महापौर ने वार्ड पार्षद और जोन कमिश्नर की उपस्थिति में विनायक कॉलोनी के क्षेत्र में उद्यान का निरीक्षण कर उसे सुव्यवस्थित करने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए हैं. महापौर ने बारिश के पूर्व सभी नालों और नालियों में तले तक लद्दी निकालकर मुहाने खोलकर गन्दे पानी की सुगम निकासी पूर्वनिश्चित करने निर्देशित किया है, ताकि बारिश में नागरिकों को जलभराव की समस्या का सामना ना करना पड़े।

## संक्षिप्त समाचार

### सूने मकान से नकदी साढ़े 3 लाख पार

**रायपुर,कासं.।** गांधी नगर बीरगांव स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी साढ़े 3 लाख रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी जेठुराम साहू 56 वर्ष गांधी नगर बीरगांव का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 3 लाख 50 हजार रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दुकान संचालक के खिलाफ अमानत का ख्यानत का मामला दर्ज

**रायपुर,कासं.।** नया बस स्टेण्ड भाठागांव स्थित मोबाइल दुकान के संचालक ने रिपेयर के लिए आए आईफोन को बेच दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अनुज साहू 25 वर्ष वकील कालोनी कोतवाली का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी आईफोन को सुधरवाने नया बस स्टेण्ड भाठागांव स्थित मोबाइल शॉप में दिया था और ऑनलाइन 3 हजार रुपए पेमेंट भी किया। जिसके बाद आरोपी दुकान संचालक रिषि साहू ने आईफोन को किसी दूसरे को बेच दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने आरोपी दुकान संचालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर,कासं.।** धरसींवा और खमतराई थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गिरौद निवासी राजली निषाद 40 वर्ष ने धरसींवा थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 केबी 3260 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं प्रेमनगर गुढ़ियारी निवासी राजेन्द्र साहू 22 वर्ष ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 24 एफ 0938 को शिवानंद नगर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 10 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### ट्रांसफार्मर पर काम करते वक्त करंट की चपेट में आया ठेका श्रमिक, हालत गंभीर

**रायपुर,कासं.।** जिले के फिंगेश्वर नगर में सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया, जब ट्रांसफार्मर पर काम करते समय एक ठेका श्रमिक करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। 28 वर्षीय वेद राम साहू, जो कि सेंदर गांव का निवासी है, डीओ (ड्रॉपआउट फ्यूज) लगाने के दौरान हाई वोल्टेज करंट की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना के वक्त ट्रांसफार्मर में अचानक 33 केवी की विद्युत आपूर्ति चालू हो गई, जिससे वेद राम के दोनों पैरों से घुटनों के नीचे तक चिंगारी और धुआं उठने लगा। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से झुलसे युवक को तत्काल फिंगेश्वर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर के कालड़ा बर्न हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। डॉक्टर विपिन लहरे के मुताबिक, घायल के दोनों पैर बुरी तरह जल चुके हैं और सिर में भी गंभीर चोट की आशंका है। युवक की स्थिति नाजुक बनी हुई है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह कार्य न तो किसी आधिकारिक परमिट के तहत किया जा रहा था, और न ही वेद राम इस कार्य के लिए प्रशिक्षित या विभागीय कर्मचारी थे।

## खेल/व्यापार

# आईपीएल तक पहुंचने वाले गाजीपुर के पहले खिलाड़ी हैं अश्वनी

**लखनऊ, (ए.)।** आईपीएल में के इस सत्र में गाजीपुर के अश्वनी राय सनराइजर्स हैदराबाद के नेट गेंदबाज के तौर पर उतरे। एक छोटे से शहर से निकलकर आईपीएल जैसी बड़ी लीग में जगह बनाने वाले अश्वनी पहले खिलाड़ी हैं। सनराइजर्स हैदराबाद ने उन्हें आईपीएल 2025 सत्र के लिए नेट बॉलर के रूप में शामिल किय था। अश्वनी को भले ही खेलने का अवसर नहीं मिला पर उन्होंने अपनी पहचान जरुर बनायी है। 17 साल के अश्वनी दाएं हाथ के मध्यम तेज गति के गेंदबाज हैं। उनकी गेंदबाज़ी में ताकत धीमी और ऑफ-कटर गेंदें हैं। अभ्यास सत्र में उन्होंने ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा और कप्तान पेट कमिंस जैसे बड़े बल्लेबाज़ों को गेंदबाज़ी की जिससे उनका मनोबल बढ़ा है। अश्वनी के अनुसार अभिषेक शर्मा ने उनकी धीमी ओन वाली गेंदों की प्रशंसा की। इसके साथ ही तेज गेंदों पर भी ध्यान देने को कहा। इस सत्र में डेनियल विटोरी जैसे अनुभवी गेंदबाजी कोच की सला भीअश्वनी को मिली। उन्हें कलाई की पोजिशन और रनअप पर विशेष टिप्स मिले। उन्होंने हर दिन सुबह 3 से 9 बजे तक अभ्यास किया। अश्विनी के अनुसार इस सफर में उन्हें माता-पिता से भी पूरा सहयोग मिला। गाजीपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष शाश्वत सिंह, ने भी उनकी सहायता करते हुए सनराइजर्स से जुड़ने का अवसर दिलाया। उनके यहां तक के सफर में कोच से मिली तकनीकी और मानसिक मजबूती की सलाह भी फायदेमंद रही। अब अश्वनी रणजी ट्रॉफी, इंडिया ए और आगे चलकर भारतीय टीम में जगह बनाना चाहते हैं हालांकि ये भी कहा कि ये इतना आसान नहीं होगा।



### आईपीएल - श्रेयस तीन टीमों में फाइनल में पहुंचाने वाले पहले कप्तान बने

**मुम्बई, (ए.)।** पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर ने पंजाब किंग्स के आईपीएल फाइनल में पहुंचने ही एक महत्वपूर्ण रिकार्ड अपने नाम कर लिया है। श्रेयस पहले ऐसे कप्तान बन गये हैं जो तीन टीमों को अपनी कप्तानी में फाइनल तक पहुंचाने में सफल रहे हैं। वहीं अब तक कोई भी ऐसा कप्तान आईपीएल में नहीं हुआ, जिसने एक से ज्यादा बार टीम को फाइनल में पहुंचाया है। श्रेयस की कप्तानी में साल 2020 में दिल्ली कैपिटल्स की टीम फाइनल तक का पहुंची थी। फाइनल में हालांकि उसे मुंबई इंडियंस से हार मिली थी। इसके तीन साल बाद 2024 में श्रेयस अय्यर ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेकआर) को अपनी कप्तानी में ना सिर्फ फाइनल में पहुंचाया था।

# पाक के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर पर भड़के नौमान

**कराची, (ए.)।** अपने विवादास्पद बयानों के लिए सुर्खियों में रहने वाले पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शोएब अख्तर की मुश्किलें बढ़ सकती है। शोएब पर पाक के जाने-माने क्रिकेट इतिहासकार और लेखक डॉ. नौमान नियाज ने अपमानजनक टिप्पणी के लिए कानूनी कार्रवाई शुरु करते हुए नोटिस भेजा है। पाक के सरकारी स्वामित्व वाले पाकिस्तान टेलीविजन नेटवर्क (पीटीवी) के पूर्व खेल निदेशक डॉ. नियाज के वकील ने यह नोटिस भेजा है। उनका आरोप है कि शोएब ने उन्हें सामान ढोने वाला व्यक्ति करार दिया था। उनके पाकिस्तान टीम के साथ कार्यकाल के दौरान उन्हें 'किट मैन बताया था।



शोए ने कहा कि डॉ. नियाज मूल रूप से टीम में हमारे लिए बैग और सामान ढोते थे। गौरतब है कि अख्तर जब पाकिस्तान टीम के खेलते थे तब डॉ. नियाज ने कुछ दौरों पर पाकिस्तान टीम के डेटा विश्लेषक के रूप में भी काम किया था। अख्तर ने टीम में कोचों और प्रबंधकों की भूमिका की का मजाक उड़ाते हुए कहा कि नियाज खिलाड़ियों के बैग ढोने के लिए टीम में थे। उन्होंने कहा कि उन्होंने टीम में यही काम किया। मुझे उनके किसी और काम के बारे में जानकारी नहीं है।

वहीं नियाज के वकील ने इस नोटिस में 14 दिन के भीतर बिना शर्त माफी मांगने की शीर्त रखी है। वहीं ऐसा नहीं करने पर उन्हें कानूनी कार्रवाई और हर्जाने का सामना करने के लिए तैयार रहने को कहा है। इन दोनों के बीच पहले भी विवाद रहा है। इमरान खान की सरकार के समय में डॉ. नियाज ने मामूली विवाद के बाद अख्तर को लाइव शो छोड़ने के लिए कहा था हालांकि उन्होंने बाद में इस तेज गेंदबाज से माफी मांग ली थी।

**विराट के पब वन8 कम्यून के खिलाफ मामला दर्ज**

**कर्नाटक, (ए.)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली के पब, वन8 कम्यून के खिलाफ कर्नाटक में मामला दर्ज किया गया है। यह पब बेंगलुरु के रत्नम कॉम्प्लेक्स की छठी मंजिल पर बना हुआ है। पुलिस ने विराट के वन 8 कम्यून पब और रेस्टोरेंट के खिलाफ सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के उल्लंघन के लिए बेंगलुरु में मामला दर्ज किया है।

पब पर इस अधिनियम की धारा 4 और 21 के तहत मामला दर्ज किया गया है क्योंकि रेस्टोरेंट में धूम्रपान के लिए कोई अगल क्षेत्र नहीं है। पब में धूम्रपान क्षेत्र को लेकर जरूरी नियमों का पालन नहीं किया जा रहा था। इस अधिनियम के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान के लिए सख्त नियम निर्धारित किए थे, और इनका पालन न करना अपराध माना जाता है।

गौरतलब है कि इससे पहले भी वन 8 कम्यून को कार्रवाई का सामना करना पड़ा था। पिछले साल जून में भी इस पर एफआईआर दर्ज की गई थी। बृहत बेंगलुरु महानगर पालिका ने भी दिसंबर में रेस्टोरेंट को अग्निशमन विभाग से एनओसी न लेने के लिए नोटिस जारी किया था।

# सोने के भाव में तेजी, चांदी ने भी दिखाई चमक

## - सोने के भाव 96,150 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी लगभग 97,200 रुपए

**नई दिल्ली, (ए.)।** सोने-चांदी के वायदा भाव सोमवार कारोबार की शुरुआत में तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। सोमवार को सोने के भाव 96,150 रुपये, जबकि चांदी के भाव 97,200 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना-चांदी तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं।



मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रेक्ट 256 रुपये की तेजी के साथ 96,131 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 95,875 रुपये था। इस समय यह 255 रुपये की तेजी के साथ 96,130 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रेक्ट 361 रुपये की तेजी के साथ 97,376 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 97,015 रुपये था। इस समय यह कॉन्ट्रैक्ट 170 रुपये की तेजी के साथ 97,185 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वै?श्विक बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में तेजी देखने को मिल रही है। कॉमेक्स पर सोना 3,296.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,288.90 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 17.70 डॉलर की तेजी के साथ 3,306.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 33.13 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 33.02 डॉलर था। इस समय यह 0.12 डॉलर की तेजी के साथ 33.14 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# आरबीआई रेपो रेट में कर सकता है 0.25 फीसदी कटौती!

## - मौद्रिक नीति समिति की इस हफ्ते बैठक होगी

**नई दिल्ली, (ए.)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की 6 सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति रेपो दर में 25 आधार अंक की और कटौती कर उसे 5.75 फीसदी कर सकती है। एक सर्वेक्षण में शामिल 10 में से 9 प्रतिभागियों ने रेपो में 25 आधार अंक की कटौती की उम्मीद जताई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को तो उम्मीद है कि जून की बैठक में रेपो दर में 50 आधार अंक की कमी की जा सकती है। मौद्रिक नीति समिति की इस हफ्ते बैठक होगी और निर्णय की घोषणा शुक्रवार को होगी। सर्वेक्षण में शामिल सभी 10 प्रतिभागियों ने कहा कि आरबीआई वित्त वर्ष 2026 के लिए हेडलाइन यानी समग्र मुद्रास्फीति अनुमान को 4 फीसदी से कम कर सकता है। अप्रैल की बैठक में इसके 4 फीसदी रहने का अनुमान लगाया गया था। अप्रैल की बैठक में भी आरबीआई ने रेपो दर में 25 आधार अंक की कटौती की थी और इससे पहले फरवरी में भी रीपो दर 25 आधार अंक घटाई गई थी। अप्रैल में आरबीआई ने मौद्रिक नीति का रुख बदलकर समायोजन वाला यानी उदार कर दिया था जिससे संकेत मिलता है कि केंद्रीय बैंक का ध्यान वृद्धि को सहारा देने पर है। प्रतिभागियों ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में खुदरा मुद्रास्फीति के 4 फीसदी से नीचे बने रहने का अनुमान है। ऐसे में मौद्रिक नीति समिति उदार रुख को बरकरार रखेगी। वित्त वर्ष 2026 के लिए खुदरा मुद्रास्फीति का अनुमान 3 से 3.5 फीसदी के दायरे में रह सकता है। एक अर्थशास्त्री ने कहा ?कि खाद्य पदार्थों के दाम में नरमी को देखते हुए खुदरा मुद्रास्फीति के अनुमान को कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2026 के लिए मुद्रास्फीति अनुमान को 4 फीसदी से घटाकर 3.8 फीसदी किया जा सकता है। प्रतिभागियों को उम्मीद है कि आरबीआई अमेरिकी शुल्क के संभावित प्रभाव को ध्यान में रखते हुए वित्त वर्ष 2026 के लिए सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के वृद्धि अनुमान को 6.5 फीसदी पर बनाए रखेगा। वित्त वर्ष 2025 की चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर सुधरकर 7.4 फीसदी रही और पूरे वित्त वर्ष में वृद्धि दर 6.5 फीसदी रही।



